समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने बढ़ाई पीजी दाखिले की तारीख, अब 30 जून तक कर सकेगें आवेदन।

Publisher

Published on 26 Jun 2025




## शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अब 42 कोर्सेज मे 30 जून तक होंगे रजिस्ट्रेशन, 7 जुलाई को आएगी पहली मेरिट लिस्ट।

**महेद्रंगढ़, 26 जून 2025: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (CUH), महेद्रंगढ़** में **शैक्षणिक सत्र 2025-26** के लिए पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले की अंतिम तिथि अब **30 जून 2025** कर दी गई है। पहले यह **तिथि 23 जून** तय की गई थी, लेकिन छात्रों की **सुविधा** और बढ़ती मांग को देखते हुए इसे एक हफ्ते बढ़ाया गया है।

**CUET PG 2025 स्कोर** के आधार पर दाखिले की यह प्रक्रिया **विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट** www.cuh.ac.in पर ऑनलाइन संचालित की जा रही है।

**छात्रों को मिलेगा करेक्शन का मौका भी**

ऑनलाइन आवेदन में सुधार की सुविधा भी छात्रों को दी जा रही है। **1 जुलाई से 3 जुलाई 2025** तक करेक्शन विंडो खुली रहेगी, जिसके जरिए अभ्यर्थी अपने फॉर्म में जरूरी बदलाव कर सकेंगे। **विश्वविद्यालय** ने स्पष्ट किया है कि यह विकल्प उन छात्रों के लिए खासतौर पर है जिन्होंने पहले आवेदन कर दिया है लेकिन उनसे कोई गलती रह गई है।

**कुलपति ने क्या कहा ?**

**कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार** ने जानकारी दी कि समय पर परीक्षा परिणाम न आ पाने या अन्य कारणों से कई छात्र आवेदन नहीं कर सके थे। इसलिए यह निर्णय छात्रों के हित में लिया गया है। उन्होंने आशा जताई कि इससे ज्यादा संख्या में योग्य छात्र दाखिला

प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

**कुल 42 कोर्स, 1447 सीटे**

**CUET PG 2025** के तहत **हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय** में **42 स्नातकोत्तर कार्यक्रमों** में दाखिला होगा, जिनमें **कुल 1447 सीटे** उपलब्ध हैं। यह जानकारी **विश्वविद्यालय के CUET नोडल अधिकारी डॉ. तेजपाल ढेवा** ने दी।

उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद **7 जुलाई 2025** को कोर्स-वार पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसके आधार पर छात्रों को ईमेल व पोर्टल के माध्यम से काउंसलिंग और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा।

**जरूरी तारीखे एंक नजर मे**

| **क्र.** | **प्रक्रिया** | **तारीख** |
|---|---|---|
| १. | ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 30 जून 2025 |
| २. | करेक्शन विंडो (फॉर्म सुधार) | 1 से 3 जुलाई 2025 |
| ३. | पहली मेरिट सूची जारी | 7 जुलाई 2025 |
| ४. | काउंसलिंग और दाखिला प्रक्रिया | मेरिट के आधार पर |

**आवेदन कैसे करे ?**

१. **CUH की वेबसाइट** www.cuh.ac.in पर जाएं।
२. होमपेज पर "**PG Admissions 2025-26**" लिंक पर क्लिक करें।
३. **नया रजिस्ट्रेशन करे और लॉग इन करे।**
४. **सभी जरूरी दस्तावेज़ (फोटो, मार्कशीट, CUET स्कोर) अपलोड करे।**
५. **आवेदन शुल्क का भुगतान कर फॉर्म जमा करे।**
६. **सबमिट किए गए फॉर्म का प्रिंट जरूर निकाल ले।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.